# तिरंगा यात्रा ने दिया देशभक्ति, कौमी एकता व एकजुटता का संदेश

■ पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**उदयपुर, (कासं)।** ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के अदम्य साहस और पाराक्रम को नमन करने तथा शहीदों को स्मरण करने के लिए शुक्रवार को उदयपुर में विभिन्न संगठनों की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें अपार उत्साह देखने को मिला। भाजपा व उसके अनुशांगिक संगठनों के साथ ही कई सामाजिक,धार्मिक संगठनों की ओर से भी बढ़ चढकर भागीदारी रही। तिरंगा यात्रा ने देशभक्ति के साथ ही कौमी एकता और एकजुटता का भी संदेश दिया।

टॉउन हॉल परिसर में हजारों की संख्या में लोग इकठ्ठा हुए और उसके बाद इस यात्रा का आगाज किया गया। टाउन हॉल से प्रारंभ होकर बापूबाजार, सूरजपोल, झीणीरेत, मुखर्जी चौक, सिंधीबाजार, मोचीवाडा, भड़भूजा घाटी, तीज का चौक, देहलीगेट, बापूबाजार होते हुए पुनः टाउनहॉल पहुंची जहां पर सभा में परिवर्तित हो गई।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सैनिकों को बधाइयां भेजी गईं, शहीदों की स्मृति में जयकारे लगे और देशभक्ति गीतों पर गाते व थिरकते हुए लोगों को नेताओं का भी भरपूर साथ मिला। उदयपुरः टाउन हॉल से तिरंगा यात्रा रवाना हुई तो पूरा शहर ही मानों देशभक्ति के रंग में रंग गया। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने टाउनहॉल से तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उदयपुर के शहीदों के परिजन और पद्मश्री दुर्गाशंकर पालीवाल भी विशेष रूप से मौजूद रहे। टाउन हॉल से निकली तिरंगा यात्रा में 101 फीट लम्बा तिरंगे को यात्रा में शामिल किया गया। सैकड़ो लोगों ने तिरंगे को सम्मान के साथ हाथ में लेकर यात्रा निकाली। इस तिरंगे को पकड़ने के लिए लोगों में आरी उत्साह नजर आया। इसके अलावा इस यात्रा में शामिल हुए सभी लोगों के हाथ में तिरंगा विखाई दिया और सभी लोगों ने यह संदेश देने की कोशिश की कि देश का तिरंगा हमेशा उंचा रहना चाहिए। भारत पाकिस्तान के बीच उपजे विवाद के बाद मोदी सरकार के आपरेशन सिंदूर की सभी ने मिलकर सराहना की और आगे भी इस तरह के आपरेशन चलाने की मांग की ताकि पाकिस्तान हमारे देश को नुकसान नहीं पहुंचा सके। शुक्रवार को तिरंगा यात्रा में शामिल हुए सभी वगी के लोगों को भारी उत्साह देखा गया। सभी ने तिरंगा यात्रा में बढ़ चढ़ कर भाग लेते हुए आगे भी ऐसे ऑपरेशन के माध्यम से पाकिस्तान की नापाक हरकतों को मुंह तोड़ जवाब देने की मांग की।



उदयपुर में 101 फीट लंबा तिरंगा यात्रा निकाली।

यात्रा में चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पीजोशी,भीलवाडा सांसद प्रमोद अग्रवाल, तिरंगा यात्रा की संभागीय प्रभारी दीप्ती माहेश्वरी, भाजपा प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, पूर्व महापौर जीएस टांक, तखत सिंह शक्तावत, कार्यक्रम संयोजक पंकज बोराणा, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष पिंकी मंडावत, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र चौहान, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा, जनजाति मोर्चा प्रवेश पदाधिकारी संतोष मीणा, उद्योगपति एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता हरीश राजनी, नानालाल वया ,उपाध्यक्ष अतुल चंडालिया, महिला मोर्चा की हंसा माली, विजयलक्ष्मी कुमठत, सुभाषिनी शर्मा, मंडल अध्यक्ष रुचिका चौधरी, अमृत मेनारिया, कन्हैया वैष्णव, महेश पुरी गोस्वामी,मोहन पटेल, मुकेश जोशी सहित कई नेता मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर को दिया ज्ञापन

**उदयपुर, (कासं)।** बार एसोसिएशन उदयपुर द्वारा अधिवक्ता हितो के लिए राष्ट्रपति को जरिए जिला कलक्टर को दिया ज्ञापन दिया गया।

बार के महासचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि बार एसोसिएशन उदयपुर एवं अधिवक्ता संर्घष समिति के तत्वाधान मे उदयपुर के साथ उदयपुर संभाग के समस्त अधिवक्ताओ ने न्यायिक कार्यो मे भाग नही लेते हुए अधिवकताओं के हितों की रक्षा मे जिला न्यायाधीश संवर्ग भर्ती परीक्षा को रद्द करने, एडवोकेट प्रोटक्शन एक्ट लागू करने एवं न्यायपालिका मे व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त कर न्यायिक जवाबदेही तय करने हेतु कानून बनाने बाबत् राष्ट्रपति को जरीये ज्ञापन प्रषित कर निवेदन किया।

अध्यक्ष चन्द्रभान सिंह शक्तावत ने कहा कि विगत समय मे राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा जिला न्यायाधीश संवर्ग भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया था उक्त भर्ती परीक्षा मे जानबुझकर अधिवक्ताओं को अनुर्तीण कर दिया गया और मात्र एक अधिवक्ता को साक्षात्कार हेतु उर्तीण घोषित किया गया जो परीक्षा नियमों के भी विपरित है। उक्त परीक्षा मे शामिल हुए सभी न्यायिक अधिकारीयों को भी उक्त परीक्षा मे अनुर्तीण घोषित किया लेकिन अनुर्तीण होने के बावजुद उक्त अधिकारीयों मे से विभागीय पदौन्नति की जावेगी जो हमारे न्यायिक व्यवस्था का उपहास मात्र है।

## सार-समाचार

### इनफ्लुएंसर एसोसिएशन का गठन



**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान में पहली बार वागड इनफ्लुएंसर एसोसिएशन का गठन किया गया है। इसको लेकर सभी इंफ्लुएंसर ने मिलकर एक लॉन्चिंग रील बनाई और उसे टेग से अपलोड किया। सोशल मीडिया पर मिलियंस फोलोअर्स के साथ पीजे दिव्या के नाम से मशहूर क्यूट जोडी सहित राजस्थान के कई चर्चित सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर शुक्रवार डबोक में एकत्रित हुए। वीवागडएसोसिएशन गठन को लेकर पंकज जोशी ने बताया कि सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर लगातार बढ रहे हैं। कई सारा कंटेंट भी आ रहा है, उसके साथ ही मुश्किलें भी बढती जा रही है। ऐसे में एसोसिएशन के जरिए सोशल मीडिया पर लगातार कंटेंट बना रहे इनफ्लुएंसर को संगठन से जोडा गया है। जिससे कि इनफ्लुएंसर्स को हैकिंग,स्ट्राइक,ब्रांड तक पहुंच, चार्जेज तय करने,एंगेजिंग, कैमरा फेस जैसी समस्याओं में अटकने पर सपोर्ट किया जाएगा। इस दौरान इंफ्लुएंसर ने राइजिंग रिसोर्ट में कई सारे गेम्स के साथ, पुल पार्टी, डांसिंग को आनंद लिया।

### मारपीट का मामला दर्ज

**उदयपुर,(कासं)।** हाथीपोल मधुवन क्षेत्र में स्थित रेस्टोरेंट में तोड़फोड कर मारपीट की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम के साथ मारपीट करने वाले बदमाशों के खिलाफ हाथीपोल थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 मई रात में शहर के हाथीपोल थाना क्षेत्र मधुवन स्थित सेजवान रेस्टोरेंट में आए बदमाशों ने तोड़फोड़ एवं रेस्टोरेंट कर्मचारीके साथ मारपीट की तथा 1200 रूपये नकदी छिन ले गए थे। इस मामले में कडिया गोगुन्दा हाल आर के सर्कल समर्पित कॉम्प्लेक्स गली नं.3 कृष्णा डेयरी के पास सुखेर निवासी महावीर असिया पुत्र रतनसिंह ने इगल गैंग के बदमाश शशी चण्डालिया व साथियों के खिलाफ पुलिस को घटना की सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।इधर घटनरा की सूचना मिलने पर सिग्मा पर तैनात कांस्टेबल कैलाश पुत्र हीरालाल रेबारी निवासी छतरीपाड़ा तलवाड़ा बांसवाड़ा हॉल कांस्टेबल तथा साथी कांस्टेबल राजेन्द्र हाथीपोल थाना व सिग्मा बाईक से मौके पर पहुंचे। जहां साथी कांस्टेबल रमेश को मौके पर खड़ा कर हम बदमाशों की तलाश के लिए सेजवान एक्सप्रेस रेस्टोरेंट मधुवन पर पहुंचे। जहां बदमाश पुलिस दल के साथ धक्का मुक्की, मारपीट कर फरार हो गए।

## राजस्थान टीम बनी चैंपियन




कराते कप में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया।

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर के अटल बिहारी वाजपेयी इंडोर स्टेडियम में आयोजित आईएसकेयू नेशनल कराते कप 2025 में देशभर के कराते खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। प्रतियोगिता का आयोजन इंटरनेशनल शोतोकान कराते यूनाइटेड राजस्थान द्वारा किया गया, जिसमें देशभर से 350 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि के रूप में आईएसकेयू नेशनल चीफ शिहान मोहम्मद तारीख, उदयपुर जिला अध्यक्ष बीजेपी गजराज सिंह राठौड़, सुविवि के स्पोर्ट्स बोर्ड के सचिव भीमराज पटेल, गुरुनानक स्कूल की प्रिंसिपल विभा व्यास तथा पाइन वर्ल्ड स्कूल के डायरेक्टर अमृतरंजन पांडे मौजूद रहे। आईएसकेयू राजस्थान के चीफ सेंसई प्रफुल सांवरिया ने बताया कि राजस्थान की टीम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चौंपियन का खिताब अपने नाम किया, जबकि आसाम और गुजरात की टीमों ने क्रमशः पहला और दूसरा रनर-अप स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उदयपुर की टीम को बेस्ट टीम के खिताब से नवाजा गया।

## सर्पदंश से महिला की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर शहर के नाई थाना क्षैत्र में सर्पदंश से महिला की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नाई थाना क्षैत्र चौकडीया नाल फला निवासी कालबाई पत्नी वैलाजी गमेती की शुक्रवार सवेरे सर्प के काटने से मौत हो गई।

## लूट व हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** फलासिया थाना पुलिस ने लूट व हत्या करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार मांगीलाल पुत्र धर्मा वडेरा निवासी नेताजी का बारा ओगणा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसनेबताया कि 8 मई को सांय मै व नाथूलाल गांव से झाड़ोल जा रहै थे। बीच रासते खाखरा बस स्टेण्ड के समीप बारात से भरी बस खड़ी थी। उसके आगे कुछ लोग बाइक खड़ी कर नाच रहे थे । हमारे पहुंचने पर वहां मौजूद मुकेश पुत्र भीमा व दिनेश पुत्र शंकर के अलावा 15 व्यक्ति थे। जिन्होंने हमला कर दिया। मै तोबच कर भाग गया मेरा मोबाईल ले लिया और जेब से 10 हजार रूपये ले लिये, नाथूलाल पर तलवार से हमला कर दिया। जिसकी एमबी चक्तिसालय में उपचार के दौरान मोत हो गई। झाड़ोल थानाधिकारी फैलीराम के नेतृत्व में गठित दल ने आरोपी मुकेश कुमार पत्रु भीमराज निवासी मोहम्मद फलासिया ताा दिनेश कुमार पुत्र शंकरलाल निवासी मोहम्मद फलासिया को गिरफ्तार किया।

## चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने रुकवाये 25 बाल विवाह, परिजनों को किया पाबंद

**बांसवाड़ा, (निसं)।** बाल अधिकारीता विभाग की ओर से संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की टीम ने प्रशासन के सहयोग से अप्रैल से अब तक 25 बाल विवाह रूकवाकर परिजनों से समझाईश कर शपथ पत्र भरवा पाबंद किया।

टीम सदस्यों ने परिजनों को जब तक लड़का लडकी बालिग नहीं हो जाते तब तक शादी नहीं करवाने के लिए शपथ भी दिलवाई। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक नानुलाल रोत ने बताया कि चाइल्ड लाइन की सजगता से अलग-अलग ब्लॉकों में जिले में अब तक 25 बाल विवाह को रुकवाने में सफलता मिली है। वहीं लोगों को नाम गोपनीय रखने के संबंध में जानकारी देते हुए बाल विवाह की सूचना मिलने पर टीम से संपर्क करने की हिदायत दी गयी। समन्वयक कमलेश बुनकर ने बताया कि जिला कलेक्टर के बाल विवाह मुक्त बांसवाड़ा अभियान के मद्देनजर टीम के सदस्य हाट बाजार मेलो एवं अन्य जगहों पर बाल विवाह रोकथाम के संबंध में लोगों को जानकारी देते हुए जागरूक भी करते हैं।

उन्होंने बताया कि आज 6 बाल विवाह की सूचना मिली जिसमें सागरोड़ ग्राम पंचायत में जानकारी मिलने पर बालक का बाल विवाह रुकवा कर परिजनों को पाबंद किया गया वहीं घाटोल के पडोली गोवर्धन में दूल्हे के घर पर नौतरा का कार्यक्रम चल रहा था। फिर भी बाल विवाह रुकवा कर परिजनों को पाबंद किया गया। इसी दौरान ग्राम पंचायत दुकवाड़ा में भी दूल्हे के घर पर मेहमानों के आवागमन एवं कार्यक्रम की शुरुआत की जानकारी मिलने पर टीम सदस्यों ने उपखंड अधिकारी अंकित कुमार के नेतृत्व में दोनों बाल विवाह रुकवाए।

## महाविद्यालयों में एनईपी टास्क फोर्स गठित करने के आदेश

**बांसवाड़ा, (निसं)।** स्वतन्त्र भारत में 21 वीं शताब्दी में समय और विश्व की मांग और सदियों की भारतीय शिक्षा पद्धित के शाश्वत और महत्त्वपूर्ण शिक्षा पद्धितयों के सार्थक संयोग का अभिनव प्रयास राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 देश में विगत वर्षों में लागू की गई। इसके प्रभावी क्रियान्वयन और इसकी मूल विशेषताओं को उच्च शिक्षा जगत में अधिकाधिक प्रसार के लिए सरकारें और विभिन्न संस्थान अनेक प्रयास कर रहे हैं इसी का प्रयास है एनईपी टास्क फोर्स।

जीजीटीयू कुलपति प्रो केशव सिंह ठाकुर ने बताया कि इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए विश्वविद्यालय एनईपी टास्क फोर्स का गठन किया है जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बेहतर क्रियान्वयन और चुनौतियों के समाधान की दिशा में प्रयास करेगी। फोर्स में एक्सटर्नल एक्सपर्ट रूप में देश में इस विषय में ख्यात शिक्षाविदों का भी मार्गदर्शन लिया जाएगा। जीजीटीयू एनईपी टास्क फोर्स में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर के कुलपति प्रो अनिल कुमार राय, सेवानिवृत्त आईएएस श्याम सिंह राजपुरोहित, राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर प्रो राजीव सक्सेना, गुजरात साहित्य अकादमी के सचिव डॉ जयेंद्र जाधव और नितिन कुमार जैन जयपुर को एक्सटर्नल एक्सपर्ट रूप में नामित किया है। ध्यान रहे कि जीजीटीयू की ओर से इसी माह में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में शिक्षक और शैक्षिणक संस्थाओं की भूमिका विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन कराया गया जिसमें 7 सत्रों में इसी विषय पर गहन मंथन और विमर्श हुआ था जिसमें उदयपुर संभाग के सभी जिलों के 312 कॉलेज प्रिंसिपल और नोडल एनईपी ने सहभागिता की। कुलसचिव डॉ अभिषेक गोयल ने बताया कि विश्वविद्यालय एनईपी टास्क फोर्स में प्रो. अलका रस्तौगी नोडल अधिकारी एवं प्रो मनोज पंड्या, प्रो लक्ष्मण लाल परमार, डॉ नरेन्द्र पानेरी, डॉ राकेश डामोर और डॉ अर्पित पाठक को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। उपकुलसचिव प्रो परमार ने बताया कि इसी तर्ज पर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी राजकीय और निजी महाविद्यालयों में भी महाविद्यालय एनईपी टास्क फोर्स गठित करने के आदेश दिए हैं

## एक दिवसीय प्रेक्षा प्रवाह कार्यशाला का आयोजन

**राजसमंद, (निसं)।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल और प्रेक्षा फाउंडेशन के निर्देशन में तेरापंथ महिला मंडल राजनगर एवं प्रेक्षा वाहिनी राजनगर के संयुक्त तत्वावधान में शहर के भिक्षु बोधि स्थल राजसमंद में प्रेक्षा कल्याण वर्ष के अंतर्गत एक दिवसीय प्रेक्षा प्रवाह कार्यशाला का आयोजन किया गया।

शासन मुनि सुरेश कुमार के सानिध्य में आयोजित इस कार्यशाला को मुनि संबोध कुमार "मेधांश" ने संबोधित किया। मुनि मेधांश ने वर्तमान पीढी की चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह नई जनरेशन ड्रीम (सपने) और डेस्टिनी (भाग्य) के बीच डिस्ट्रेक्शन (भटकाव) के दौर से गुजर रही है। उन्होंने रील स्क्रोलिंग की आदत को इस पीढी के लिए कंफ्यूजन जोन बताते हुए कहा कि यह उन्हें तनाव की सुरंग में धकेल रहा है। उन्होंने एक सरल उपाय बताते हुए कहा कि "एक मिनट श्वास को होल्ड पर रखों, सारा धुंधलापन छट जाएगा।" उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारी सोच ही हमें बनाती है और जीवन में वैसी ही परिस्थितियां सामने आती हैं जैसा हम सोचते हैं। मुनि मेधांश ने ध्यान के सहज स्वरूप को बताते हुए कहा कि " ध्यान किया नहीं जाता, बस हो जाता है। सांस-सांस को प्रहरी की तरह जानते हुए लेना ही ध्यान है। " उन्होंने तैरना सीखने के लिए डूबने की तैयारी करने के महत्व को भी रेखांकित किया। मुनि ने अनुप्रेक्षा, कायोत्सर्ग, लेश्या ध्यान, चैतन्य केंद्र प्रेक्षा और दीर्घ श्वास प्रेक्षा के प्रयोगों को डिस्ट्रेक्शन फ्री (भटकाव रहित) जीवन की ओर ले जाने वाले प्रभावी साधन बताया। इस अवसर पर मुनि सिद्ध प्रज्ञ ने प्रेक्षा गीत प्रस्तुत किया और कहा कि साक्षात्कार ही वास्तविक ध्यान है। उन्होंने मन, शरीर और भावों को ध्यान के माध्यम से संतुलित करने की बात कही। कार्यशाला में बतौर मुख्य प्रशिक्षक चाइल्ड बर्थ ट्रेनर अलीशा कर्णावट ने गर्भ संस्कार के महत्व पर जोर दिया।

## जिला न्यायाधीश भर्ती में अधिवक्ता कोटा बरकरार रखने की मांग

**राजसमंद, (निसं।** बार एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को जिला न्यायाधीश संवर्ग भर्ती में अधिवक्ताओं के लिए पूर्व की भांति 5० प्रतिशत पद आरक्षित रखने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इससे पहले बार भवन से अधिवक्ताओं का एक जुलूस निकाला गया, जो न्यायालय परिसर से होता हुआ तहसील कार्यालय, नगर परिषद और जिला परिषद मार्ग से गुजरा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की।

बार सचिव महेश सेन ने बताया कि जुलूस के उपरांत जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला कलेक्टर बाल मुकुंद असावा को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने जिला न्यायाधीश भर्ती में धांधली रोकने, परीक्षा परिणाम सार्वजनिक करने और अधिवक्ता कोटे को सुरक्षित रखने की पुरजोर मांग की। इसके अतिरिक्त बार एसोसिएशन ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को शीघ्र लागू करने की भी मांग रखी। अधिवक्ताओं ने कहा कि यह कानून अधिवक्ताओं की सुरक्षा और उनके हितों की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। गौरतलब है कि शुक्रवार को उदयपुर संभाग की सभी बार एसोसिएशनों ने इस मुद्दे पर एकजुटता दिखाते हुए न्यायिक कार्यों में भाग नहीं लिया और विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष गिरिराज सोनी, सह सचिव कुलदीप पालीवाल, कोषाध्यक्ष ललित कुमावत, वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीश चंद पुरोहित, सम्पतलाल लड्डा, चन्द्र शेखर आचार्य, दिनेश खटीक, महेश पगारिया, ललित चौहान, सुरेश आमेटा, दिनेश पंचोली, लक्ष्मण शर्मा, अक्षय पालीवाल, नटवरसिंह झाला, सुनील बोहरा, बालकृष्ण बैरवा, मुकेश दाधीच, रमेश रांका, दिनेश बंशीवाल, धनेंद्र मेहता, रजनीकांत सनाढ्य, निरंजन पगारिया, तरुण दशोरा आदि मौजूद रहे।



जिला न्यायाधीश भर्ती में अधिवक्ता कोटा बरकरार रखने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी।

## डेंगू रोधी गतिविधियों का हुआ आयोजन

**राजसमंद, (निसं)।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला स्तर से लेकर गांव स्तर तक विभिन्न डेंगू रोधी गतिविधियों का आयोजन किया गया। डेंगू दिवस पर जिला स्तर पर स्वास्थ्य भवन से आमजन को जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार वाहन को सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा कार्यालय में एपिडिमियोलोजिस्ट हरीश कुमार ने सभी अधिकारी कार्मिको डेंगू दिवस पर विशेष शपथ दिलाई। सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने बताया कि डेंगू रोग से बचाव के लिए आमजन में जागरूकता फैलाने के लिए हर वर्ष 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता हैं। डेंगू दिवस पर जिले के चिकित्सा संस्थानों में डेंगू सहित सभी मौसमी बिमारीयों से बचाव के लिए गतिविधियां आयोजित की गई। गांवो में एन्टीलार्वा गतिविधियों का आयोजन कर आमजन को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि डेंगू को हराने के लिए सर्तकर्ता, सफाई और बचाव ही सबसे महत्वपूर्ण उपाय है। डेंगू जैसी घातक बीमारी से बचाव के लिए मच्छरों के प्रजनन को रोकना आवश्यक हैं। डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता हैं इसलिए पानी से भरे बर्तनों को ढककर रखना, किचन व बाथरूम को सूखा रखना और सोते समय मच्छर रोधी उपाय करना जरूरी हैं। बुखार होने पर नजदीकी चिकित्सा संस्थान पर जाकर डॉक्टर से परामर्श लेना अनिवार्य हैं। जिले में आगामी दो माह तक प्रत्येक रविवार को ड्राई डे मनाया जाएगा, जिसमें इस वर्ष की थीम देखे, साफ करें और ढंके के अनुरूप गतिविधियां सम्पन्न की जाएगी। समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए घरो में कुलर, पानी के बर्तन, छतो पर पडे अनावश्य कबाड, परिण्डो में से पानी खाली किया जाकर सुखाए जाने के लिए प्रेरीत किया जाएगा। जिससे मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सकें। महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण संस्थान में डेंगू को लेकर वार्ता की।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सरू**
**पंचायत समिति गिर्वा, उदयपुर ( राज. )**

क्रमांकः-09 दिनांक-16.5.2025

**-ःई निविदा सूचना -01/2025-26:-**

ग्राम पंचायत सरू में डिस्ट्रीक्ट मिनरल फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) उदयपुर द्वारा स्वीकृत रा.उ.प्रा.वि. हायला कुई में दो कक्षा कक्ष निर्माण कार्य हेतु ई-निविदाएं दिनांक 26.5.2025 सायं 5 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। जिसका UBN No-ZUD2526WSOB00431 है।

प्रशासक — ग्राम पंचायत सरू, पं.स.गिर्वा, जिला-उदयपुर ( राज. )
ग्राम विकास अधिकारी — ग्राम पंचायत सरू, पं.स.गिर्वा, जिला-उदयपुर ( राज. )

**कार्यालय ग्राम पंचायत चित्रावास**
**पंचायत समिति सायरा, जिला-उदयपुर ( राज. )**

क्रमांकः-29 दिनांक-15.5.2025

**-ःई निविदा सूचना -01/2024-25:-**

ग्राम पंचायत चित्रावास में DMFT योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चित्रावास में दो कमरे निर्माण कार्य हेतु UBN No-ZUD2526WSOB00185 के अन्तर्गत ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

सरपंच — ग्राम पंचायत चित्रावास, पं.स.सायरा, जिला-उदयपुर ( राज. )
ग्राम विकास अधिकारी — ग्राम पंचायत चित्रावास, पं.स.सायरा, जिला-उदयपुर ( राज. )

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिंघाड़ा**
**पंचायत समिति सायरा, जिला-उदयपुर ( राज. )**

क्रमांकः-2025-26/06 दिनांक-28.4.2025

**-ःई निविदा सूचना :-**

ग्राम पंचायत सिंघाड़ा में DMFT योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिंघाड़ा में दो कमरे निर्माण कार्य हेतु UBN No-ZUD2526WSOB00139 के अन्तर्गत ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

सरपंच — ग्राम पंचायत सिंघाड़ा, पं.स.सायरा, जिला-उदयपुर ( राज. )
ग्राम विकास अधिकारी — ग्राम पंचायत सिंघाड़ा, पं.स.सायरा, जिला-उदयपुर ( राज. )